फिरंगन खाटू में चाली

हीरा अमरीका से मंगवाई सोने के मुकट में श्याम जड़ाई,
श्याम तेरा सतरंगी निशान रुपे सारे लन्दन से बनवाये,
सारी दुनिया में गूंजे है जय श्री श्याम तेरो ही नाम,
इंडिया का वीजा बनवाई लंदन से जयपुर तक आई,
फिरंगन खाटू में चाली श्याम के मेले में चाली,

रिंग्स में श्री श्याम प्रेमियों का देखा अजब नजारा,
भगता की टोली में गूंजे श्याम नाम जैकारा,
लेके हाथा में निशान करके श्याम धनि का धयान,
इंडिया का वीजा बनवाई लंदन से जयपुर तक आई,
फिरंगन खाटू में चाली श्याम के मेले में चाली,

साँविरया के भजन में रम गई लाज लुटती ताली,
तोरण द्वार पे शीश झुका के श्याम से प्रेत बना ली,
देख खाटू नगरी की शान फिरंगन करे श्याम गुणगान,
इंडिया का वीजा बनवाई लंदन से जयपुर तक आई,
फिरंगन खाटू में चाली श्याम के मेले में चाली,

रूप सलोना दर्शन करके बाबा ने यु बोली,
हर्ष प्रीत कब श्याम धनि के संग मैं खेलु होली,
खाटू नगरी बड़ी महान जिथे विराजे है घनश्याम,
इंडिया का वीजा बनवाई लंदन से जयपुर तक आई,
फिरंगन खाटू में चाली श्याम के मेले में चाली,

Source: https://www.bharattemples.com/firangan-khatu-me-chaali/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw